तापस बेष बिसेषि उदासी । चौदह बरिस रामु बनबासी ।।
जौं पितु मातु कहेउ बन जाना । तौं कानन सत अवध समाना ।।
| Ram Katha 930 - मानस वनवास || Shravasti - UP || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 189 | इंदौर, बुधवार 17 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## ग्रामीणों ने उज्जैन रोड किया जाम

### जमीन विवाद के आरोपियों के अतिक्रमण तोड़ने और पटवारी पर कार्रवाई की मांग

**आगर मालवा।** आगर मालवा जिले के तनोड़िया में गत दिनों जमीन को लेकर दो पक्ष मे विवाद हो गया था, मामले मे कोतवाली पुलिस ने एक पक्ष के 10 लोगों पर केस दर्ज किया था। इसको लेकर मंगलवार शाम पीड़ित पक्ष के साथ ग्रामीणों ने तनोडिया पटवारी संदीप जोशी पर कार्रवाई और विरोधी पक्ष के अतिक्रमण तोड़ने की मांग की। ग्रामीणों ने हिंदूवादी संगठन के कार्यकतार्ओं के साथ उज्जैन मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन करने वालों ने पटवारी पर धमकाने का आरोप लगाया। घटनास्थल पर पहुंचे तहसीलदार ने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई एवं विरोधियों के अतिक्रमण को गिराने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलनकारी मान गए। इस दौरान रोड पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। कोतवाली थाना प्रभारी गगन बादल भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

## जिंदगी की जंग हारी नवजात, इंदौर में तोड़ा दम

### पिपरखेड़ा के पास पुलिया के नीचे मिली थी

**खरगोन।** भुसावल चितौड़गढ़ स्टेट हाईवे पर पिपरखेड़ा में रविवार सुबह 10 बजे एक पुलिया के नीचे कपड़े में लिपटी मिली नवजात बालिका जिंदगी की जंग हार गई। उसे गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया था। पुलिस महिला बाल विकास एवं चिकित्सकीय स्टॉफ उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंच भी गया, लेकिन वहां शाम को इलाज शुरू होने से पहले उसकी सांसें उखड़ गई। साथ पहुंचे स्टॉफ ने बताया कि अंतिम समय में नवजात रुक-रुककर सांसे लेने लगी थी। मंगलवार इंदौर में पीएम हुआ। इसके बाद जिला अस्पताल से गए स्टॉफ को शव सौंपा गया। **खरगोन लाकर अंत्येष्टि होगी-** रविवार को सुबह 10 बजे पिपरखेड़ा के नजदीक सूनसान पुलिया के नीचे मिली नवजात को सबसे पहले खेतिहर लोगों ने देखा। वहां से एम्बुलेंस के सहारे दोपहर 1 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्रीमैच्योर बेबी का वजन कम होने के कारण चौबीस घंटे उसे आइसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया। सोमवार दोपहर 1.30 बजे सांस लेने में ज्यादा परेशानी हुई तो इंदौर रेफर किया। प्रीमैच्योर बेबी को इमरजेंसी हेल्थ सपोर्ट एम्बुलेंस से भेजा गया था। खरगोन लाकर अंतिम प्रक्रिया होगी।

## सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकराया बाइक सवार, हुई मौत

**छिंदवाड़ा।** पांढुर्णा के सिवनी फोरलेन हाईवे पर सड़क के किनारे खड़े एक कंटेनर से बाइक सवार टकरा गया जिसके बाद उसकी मौत हो गई। हादसा मंगलवार को उस वक्त हुआ जब सिवनी निवासी नरेश पिता रामेश्वर डाले उम्र 30 साल पांढुर्णा से अपने घर की तरफ लौट रहा था, तभी अचानक उसकी बाईक यहां सडक के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। जिसके बाद युवक के सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गया, यहां से आने जाने वाले राहगीरों ने उसे उठाकर अस्पताल पहुंचाया जिसके बाद डॉक्टरों ने नरेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पीड़ित परिजनों ने इस लापरवाह ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# चित्रकूट का विकास अयोध्या जैसा होगा

## सबसे बड़ा धार्मिक स्थल बनाएंगे, राम जहां से गुजरे, वे तीर्थ सड़क मार्ग से जुड़ेंगे : सीएम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, मध्यप्रदेश सरकार चित्रकूट का अयोध्या की तर्ज पर विकास करेगी। इसे भगवान श्री राम के जीवन से जुड़ा सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बनाया जाएगा। श्री राम वन गमन पथ के विकास की कार्ययोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। उन सभी स्थानों को सडक़ मार्ग से जोड़ा जाएगा, जहां से भगवान राम गुजरे थे।**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के चित्रकूट में श्रीराम वन गमन पथ न्यास की पहली बैठक ली। इसमें भगवान राम के वन गमन से जुड़े 8 जिलों में कराए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुई बैठक में शामिल होने मुख्यमंत्री दिल्ली से सीधे चित्रकूट पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि धार्मिक विद्वानों के परामर्श से श्री राम वन गमन पथ के सभी प्रमुख स्थलों का विकास किया जाएगा। अधिकारी जल्द ही इस रोडमैप को अमल में लाने के लिए काम शुरू करेंगे। संपर्क मार्ग से पथ को जोडऩे के बाद सरकार इसके आगे के चरण के लिए काम शुरू करेगी।



### दिवाली और अमावस्या मेले में प्रदर्शनी लगेगी

न्यास की बैठक में सीएम ने अधिकारियों से कहा, 'चित्रकूट में दिवाली और अमावस्या मेले में प्रदर्शनी लगाकर राम वन गमन पथ से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित कराएं। इनका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें।'

### 11 विभागों की मुख्य भूमिका

बैठक में अमरकंटक में प्रसाद योजना, चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा पथ और बृहस्पति कुंड, मंदाकिनी नदी के घाटों के विकास कार्यों की डीपीआर पर भी चर्चा की गई। लीला गुरुकुल प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव भी एजेंडे में शामिल था। श्री राम वन गमन पथ न्यास में सरकार के 11 विभागों की मुख्य भूमिका है। 5 संभागायुक्त और 8 जिलों के कलेक्टर को भी न्यासी सदस्य बनाया गया है। 2009 में तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने राम वन गमन पथ विकसित करने का ऐलान किया था। उन्होंने वनवासी राम लोक बनाने की घोषणा भी की थी।

# 20 के बाद तेज ठंड का एक और दौर

## एमपी के 10 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान नीचे आया; खजुराहो सबसे ठंडा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** उत्तर भारत से बर्फीली हवाओं ने मध्यप्रदेश में ठंड फिर बढ़ा दी है। प्रदेश के 10 से ज्यादा शहरों में मंगलवार रात का पारा 10 डिग्री से नीचे चला गया। 5 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ खजुराहो सबसे सर्द रहा। ग्वालियर - चंबल संभाग के जिलों में भी ठंड पड़ रही है। बुधवार सुबह टीकमगढ़, खजुराहो, मंडला, सतना, सीधी में घना कोहरा रहा। विजिबिलिटी 50 से 200 मीटर के बीच रही। बाकी शहरों में धुंध रही।



भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो गया है। इसका असर प्रदेश कम होगा, लेकिन बर्फीली हवाएं ठंडक बढ़ाएंगी। 20 जनवरी के बाद रातें और ठंडी हो जाएंगी।

डॉ. सुरेंद्रन ने बताया कि बर्फीली हवा का सबसे ज्यादा असर ग्वालियर, छतरपुर, दतिया, भिंड, सीधी, रीवा में देखने को मिल रहा है। मंगलवार को इन जिलों में दिन का तापमान काफी कम रहा था।

शहर को सोलर सिटी बनाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक ...

# शहर के सभी वार्डों में सोलर सिटी के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे : महापौर

◆ अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा- प्रमुख सचिव




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के सभी 85 वार्डों, 22 जोन, तालाबों के किनारे, प्रधानमंत्री आवास योजना की बहुमंजिला इमारतों की विशाल छतों पर सौर ऊर्जा पैनल्स लगाई जाएगी। शहर में अगले तीन माह में 40 हजार से ज्यादा परिवारों, बिजली उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएंगे। अगले वर्ष दिल्ली से इस विषय में भी पुरस्कार के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। मुझे उम्मीद हैं पर्यावरण हित और बिजली खर्च में कमी के लिए पूरा शहर इस मुहिम में आगे आएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में सोलर सिटी के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि शहर सीमा में आए 29 गांवों वाले क्षेत्रों में हाईमास्ट सोलर से चलेंगे। कचरा गाडियों से भी सोलर सिटी के लिए आगे आने हेतु गीत, नारों का प्रसारण घर-घर तक किया जाएगा।

बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने कहा कि सोलर यूनिट लगाने से पांच वर्ष में लागत खर्च निकल आती है, साथ ही अगले बीस वर्षों तक बिजली मिलती रहती है। कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए आम लोगों को सोलर एनर्जी को अपनाना चाहिए। श्री दुबे ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि सोलर सिटी के लिए बिजली कंपनी मात्र एक दिन में नेट मीटर लगाएगी। नगर निगम की टीम के साथ बिजली कंपनी की टीम जागरूकता अभियान चलाएगी, वार्डों में भी प्रजेंटेशन दिए जाएंगे। प्रमुख सचिव श्री संजय दुबे ने कहा कि सब्सिडी को फ्री फ्लो किया गया है। पैनल्स लगाने वाले वेंडर्स को पूरी राशि चुकाए, उनके खाते में तय सब्सिडी की राशि मात्र सात दिनों में पहुंच जाएगी। श्री दुबे ने बताया कि सौर ऊर्जा प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी में और बढ़ोत्तरी होने वाली है, साथ ही बड़ी इमारतों की इजाजत के लिए भी सौर ऊर्जा संयंत्र की अनिवार्यता सुनिश्चित की गई हैं।

मप्रपक्षेविविकं के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने कहा कि शहर में मौजूदा 25 हजार बिजली उपभोक्ताओं को रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना से अगले तीन माह में जोड़ने के लिए व्यापक अभियान संचालित किया जाएगा। श्री तोमर ने कहा कि शहर में 1400 शासकीय इमारतों पर पैनल्स लगाए जाना हैं। नगर निगम आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह ने कहा कि 1500 वर्ग फीट से ज्यादा के प्लाटों पर नक्शे पास करने के लिए सोलर अपनाने वालों को फीस में 6 प्रतिशत रियायत दी जाएगी। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री माल सिंह , कलेक्टर श्री आशीष सिंह, स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह ने भी विचार रखें। बैठक में मप्रपक्षेविविकं के निदेशक पुनीत दुबे, सचिन तालेवार, अधीक्षण यंत्री सुनील पाटौदी, मनोज शर्मा, निगम विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री राकेश अखंड आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## 22 जनवरी को मांस दुकानें बंद रहेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर का वातावरण राम मय होता जा रहा है। बाजारों में इसे लेकर रौनक बढ़ गई है। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने 22 जनवरी को मांस की दुकानों को बंद करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसका सख्ती से पालन कराएं। इसके पूर्व मेयर ने सभी व्यापारिक संस्थाओं, मॉल्स प्रबंधनों से आग्रह किया था कि वे राम मंदिर की प्रतिकृति लगाएं। इस पर अमल भी शुरू हो गया है। इसमें कुछ मॉल्स प्रबंधन ने बाहर श्रीराम की प्रतिकृति भी लगाना शुरू कर दी है। इसी कड़ी में अब बाजारों में रात को लाइटिंग सहित कई प्रकार की सजावट की जा रही है। मंदिरों में साफ-सफाई के साथ भगवान को सजाया-संवारा जा रहा है। बता दें कि राज्य सरकार इस दिन ड्राय डे घोषित कर चुकी है।

कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

वैश्विक हिंदी सेवा सम्मान घोषित

## हिन्दीभाषा डॉट कॉम के सम्पादक होंगे सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय भाषाओं के प्रयोग व प्रसार के लिए पिछले 10 वर्षों से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत संस्था 'वैश्विक हिंदी सम्मेलन' (मुम्बई) के निदेशक द्वारा वैश्विक हिंदी सेवा सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। यह अलग-अलग सेवियों को 19 जनवरी को दिए जाएंगे। इसमें हिन्दीभाषा डॉट कॉम के सम्पादक अजय जैन 'विकल्प' को भाषा की सेवार्थ सम्मानित किया जाएगा।**

निदेशक डॉ. मोतीलाल गुप्ता 'आदित्य' ने बताया कि, न्याय-क्षेत्र में जनभाषा हिंदी के आधिकाधिक प्रयोग व प्रसार के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अनिल त्रिवेदी को, चिकित्सा तथा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अपने आलेखों, पुस्तक लेखन तथा व्याख्यानों आदि के माध्यम से हिंदी के प्रयोग व प्रसार को बढ़ाने के लिए निरंतर कायर्रत डॉ. मनोहर भंडारी को सम्मानित किया जाना है। इसी कड़ी में पत्रकारिता एवं हिन्दीभाषा डॉट कॉम के माध्यम से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा तथा साहित्य के प्रयोग व प्रसार को बढ़ाने के लिए वरिष्ठ पत्रकार तथा डॉटकॉम के संस्थापक-सम्पादक श्री जैन को 'वैश्विक हिंदी सेवा सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।

आपने बताया कि, वरिष्ठ भारतीय भाषा-सेवी निर्मल कुमार पाटोदी पिछले 50 वर्ष से भी अधिक समय से अपने लेखन, व्याख्यानों व प्रचार आदि के माध्यम से भारतीय भाषाओं के प्रयोग व प्रसार को बढ़ाने में लगे हैं, उन्हें और हिंदी भाषा साहित्य के संवधड्न के लिए वरिष्ठ कवि-साहित्यकार प्रो. सरोज कुमार को 'आजीवन वैश्विक हिंदी सेवा सम्मान' से विभूषित करने का निर्णय लिया गया है। इन सभी को ये सम्मान शुक्रवार को अपराह्न 2 बजे प्रेस क्लब इंदौर (महात्मा गांधी मार्ग) में वैश्विक हिंदी सम्मेलन, भारतीय भाषा मंच तथा प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वैश्विक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि म.प्र. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश (से.नि.) न्यायमूर्ति जरत कुमार जैन के करकमलों से प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (दिल्ली) के राष्ट्रीय सह-संयोजक ए. विनोद करेंगे। यहाँ 'भारत और भारतीय भाषाएँ' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में शिक्षा, मीडिया, न्यायपालिका, व्यापार, प्रशासन, बैंकिंग सहित सभी क्षेत्रों के लोग उपस्थित रहेंगे।

## गणतंत्र दिवस- शासकीय भवनों व स्मारकों पर की जाएगी रोशनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश के समस्त शासकीय भवनों व राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर 21 जनवरी से 26 जनवरी तक रोशनी की जाएगी। इस व्यवस्था पर होने वाला व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग अपने विभागीय बजट से वहन करेंगे।

## भारतीय वायु सेना भर्ती रैली के लिए आवेदन आज से

**इंदौर।** भारतीय वायु सेना (अग्निवीर) भर्ती रैली में सम्मिलित होने के लिये इच्छुक आवेदक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर अपना आनलाईन पंजीयन 17 जनवरी प्रातः 11 बजे से 6 फरवरी तक करा सकते है। ऐसे युवा आवेदक जिनका जन्म 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 (दोनो तिथियॉं शामिल करते हुये) के मध्य हुआ है वे आवेदक भर्ती रैली पंजीयन करा सकते है। आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता तथा शरीरिक योग्यता से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी दी गई वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री का आज बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक रोड शो

## 150 से ज्यादा मंचों के माध्यम से होगा स्वागत

◆ 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एलिवेटेड ब्रिज का शिलान्यास भी करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 17 जनवरी को इंदौर प्रवास पर रहेंगे। वे बड़ा गणपति से लेकर राजवाड़ा तक निकलने वाले रोड शो में शामिल होंगे। करीब 1.4 किमी लंबे रोड शो मार्ग में 150 से ज्यादा मंचों के माध्यम से मुख्यमंत्री का स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री एलआइजी चौराहा से नौलखा चौराहा तक बनाए जाने वाले एलिवेटेड कारिडोर का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री इसके अलावा कुछ अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल हो सकते हैं।**

मुख्यमंत्री बुधवार शाम करीब 4 बजे विशेष विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से सीधे बड़ा गणपति चौराहा पहुंचेंगे और यहां पूजन के बाद रोड शो में शामिल हो जाएंगे। खुली जीप में जनता का अभिवादन स्वीकारते हुए वे राजवाड़ा पहुंचेंगे। यहां मां अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। रोड शो मार्ग में डेढ़ सौ से ज्यादा मंच लगाए गए हैं।

### एलआइजी चौराहे पर करेंगे कारिडोर का शिलान्यास



रोड शो के बाद मुख्यमंत्री एलआइजी चौराहा पहुंचेंगे। वे यहां 350 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एलिवेटेड कारिडोर का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री विश्राम बाग में लौह स्क्रैप से तैयार अयोध्या के श्री राम मंदिर की प्रतिकृति का लोकार्पण भी कर सकते हैं। रोड शो के मार्ग पर राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, महाकाल लोक, एकात्म धाम इत्यादि धार्मिक स्थलों की झांकी रहेंगी। इसके अलावा भाजपा सरकारों की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों को भी झांकियों के माध्यम से दिखाया जाएगा।

### तीन विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगा मुख्यमंत्री का रोड शो

मुख्यमंत्री का रोड शो तीन विधानसभा क्षेत्रों से गुजरेगा। यह विधानसभा क्षेत्र एक के बड़ा गणपति से शुरू होकर विधानसभा क्षेत्र तीन में आने वाले राजवाड़ा पर समाप्त होगा। रोड शो का कुछ हिस्सा विधानसभा क्षेत्र चार से लगने वाले इलाके से भी गुजरेगा।

### 6.7 किमी लंबा होगा एलिवेटेड ब्रिज

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, केंद्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत स्वीकृत एलिवेटेड ब्रिज शहर के पुराने आगरा-मुंबई मार्ग पर एलआइजी चौराहे से नौलखा चौराहे तक बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 6.70 किमी, चौड़ाई 15.50 मीटर होगी। भू-तल से पुल की ऊंचाई 10 मीटर प्रस्तावित है। इसे बनाने की लागत 350 करोड़ रुपये आएगी। इस एलिवेटेड ब्रिज की तीन भुजाएं होंगी। पहली भुजा गिटार चौराहा पर ग्रेटर कैलाश अस्पताल की ओर, दूसरी भुजा गीता भवन चौराहे पर मधुमिलन चौराहे की तरफ और तीसरी भुजा शिवाजी वाटिका चौराहे पर पीपल्याहाना की तरफ रहेगी। भुजाएं दो लेन होंगी। एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

---

शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजन ...

## व्याख्यानमाला आयोजित



इंदौर। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर मंगलवार को शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय इंदौर में एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अग्रणी स्टार्टअप उद्यमी श्रीमती चेतना शर्मा एवं श्री सुजीत सिंघल थे। श्रीमती चेतना शर्मा द्वारा छात्राओं को स्टार्टअप के विभिनन चरणबद्ध पदों से अवगत कराते हुए आने वाली चुनौतियों एवं उनके निदान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। श्री सुजीत सिंघल द्वारा शासन की स्टार्टअप संबंधी प्रचलित विभिन्न योजनाओं की व्याख्या की गई। साथ ही संस्था में अध्ययनरत छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रसर होने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर संस्था की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती विजया शिन्दे, कम्प्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आशीष शर्मा एवं व्याख्यातागण श्री दिनेश भूरिया, श्रीमती अफरोज आदिल और डॉ. प्रशांत तिलवणकर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में छात्रसंघ अध्यक्ष कु. आयुषी जायसवाल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

---

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने किया प्रतीक ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण ...

# मिली गंदगी खाद्य पदार्थों का निर्माण कराया गया बंद

◆ प्रतिष्ठान से लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार एवं अपर कलेक्टर गौरव बैनल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा मंगलवार को अहिरखेड़ी स्थित प्रतीक ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया।**

उक्त प्रतिष्ठान पर गंदगी में गुणवत्ताहीन कन्फेक्शनरी बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसे संज्ञान में लेकर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में अत्यधिक गंदगी के बीच खाद्य पदार्थों का संग्रहण किया गया है। कर्मचारियों ने अप्रोन, कैप और ग्लव्स नहीं पहने थे। परिसर में पेस्ट कंट्रोल भी नहीं कराया गया था। परिसर में कच्चा खाद्य पदार्थ एवं तैयार खाद्य पदार्थ अव्?यवस्थित तरीके से संग्रहित पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल सर्टिफिकेट भी नहीं पाए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर खट्टी मीठी गोली, इमली चटनी, चोको चिप्स एवं चटपटी गोली के कुल चार नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जिन्हें जांच हेतु खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को प्रेषित किया जाएगा। जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत आगामी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

परिसर में गंदगी एवं अव्यवस्थित तरीकों से खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं संग्रहण पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य के हित में खाद्य पदार्थ के निर्माण को तत्काल रूप से बंद कराया गया। साथ ही दूसरी फर्म के लेवल पाए जाने पर तथा उनसे संबंधित कोई दस्तावेज मौके पर नहीं पाए जाने के कारण चांद तारे खट्टे मीठी गोली के 400 पैकेट को जप्त किया गया है। खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

---

5100 पतंगों से तैयार हुई

## भगवान राम की अद्भुत प्रतिकृति, विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटी टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। जिसको लेकर देशभर में उत्साह है। इसी बीच देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के कलाकारों ने भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुछ अलग किया है। शहर के कला प्रेमियों ने 5100 पतंगों की मदद से भगवान श्री राम की कलाकृति तैयार की है। उसमें 1100 पतंगों से भगवान श्री राम का मुकुट तैयार किया है।**



**कलाकारों को उम्मीद है कि उनकी कलाकृति वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज होगी।**

मध्य प्रदेश के इंदौर में कलाकारों ने मकर संक्रांति के मौके पर पतंगों और धागों से भगवान राम की कलाकृति बनाई है। इसे बनाने में 5100 पतंगों का इस्तेमाल किया गया। वहीं 1100 पतंगों की मदद से भगवान श्रीराम का मुकुट तैयार किया गया है। 27 कलाकारों ने मिलकर करीब 60 घंटो में इस कलाकृति को तैयार किया है। कलाकारों ने कहा कि वे अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में अपना योगदान देना चाहते हैं। उन कलाकारों को उम्मीद है कि उनकी कलाकृति वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में दर्ज होगी। इसका प्रस्ताव गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों को भेजा गया है। कलाकार पुष्कर सोनी ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन भगवान राम को कुछ समर्पित करना चाहते थे, तो हमने पतंग और धागों से प्रभु श्री राम की एक ऐसी कलाकृति बनाई है, जो अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड के रूप में दर्ज किया जाएगा।

# सिर झुकाकर चला भोपाल का बीज निगम का अफसर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**ग्वालियर। इंटरव्यू में चयन के बदले एक रात साथ बिताने की डिमांड करने वाला अफसर ग्वालियर में सिर झुकाकर चलता रहा। मंगलवार को उसे भोपाल से गिरफ्तार कर लाया गया है।**

बीज विकास निगम के इंटरव्यू पैनल में शामिल भोपाल का प्रोडक्शन असिस्टेंट संजीव कुमार तंतुवाय ने तीन छात्राओं को वॉट्सएप मैसेज कर अनैतिक डिमांड की थी। आरोपी ने वॉट्सएप मैसेज में साफ लिखा- जॉब चाहिए तो एक रात देनी पड़ेगी।

पुलिस का कहना है कि ये हरकत इसने अकेले की या इसके पीछे कोई गिरोह है, इसकी जांच की जाएगी। यह भी पता लगाया जाएगा कि ऐसी हरकत आरोपी ने पहली बार की है या वो हैबिचुअल है। उसने रुपए की डिमांड भी की थी। ऐसे में यह पता लगाया जाएगा कि ये सब किसी बड़े अफसर के कहने पर तो नहीं कर रहा था।

शिकायत के बाद आरोपी अफसर को बर्खास्त कर दिया गया है। उसे मध्यप्रदेश बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने शोकॉज नोटिस भी दिया है।



### पुलिस ने मोबाइल जब्त किया, आरोपी ने जुर्म कबूल किया

एक छात्रा की 8 जनवरी को शिकायत मिलने पर ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने आरोपी संजीव कुमार पर मामला दर्ज कर मोबाइल जब्त कर लिया है। आरोपी ने क्राइम ब्रांच के सामने अपनी गलती कबूल कर ली है। डीएसपी क्राइम शियाज केएम ने बताया कि बीज विकास निगम में संविदा भर्ती के लिए 3 जनवरी को कृषि विश्वविद्यालय में इंटरव्यू रखे गए थे। इसमें पीड़ित छात्रा सहित कई प्रतिभागी इंटरव्यू देने आए थे। इंटरव्यू पैनल में भोपाल से आया आरोपी संजीव कुमार भी शामिल था। इंटरव्यू के कुछ घंटे बाद छात्रा को आरोपी ने कॉल किया और बात करने के बाद फोन कट कर दिया। फिर वॉट्सएप से मैसेज कर यह गंदी डिमांड उसके सामने रखी। शिकायतकर्ता ने क्राइम ब्रांच को बताया कि आरोपी ने ठीक ऐसे ही मैसेज उसकी दो बैचमेट को भी भेजे थे।

### मैसेज में लिखा- मुझे प्यार चाहिए, बस एक बार

क्राइम ब्रांच ने धारा 354-ए के तहत आरोपी पर मामला दर्ज किया है। यह नोटिसेबल अपराध है। क्राइम ब्रांच ने 10 जनवरी को आरोपी को राउंडअप कर नोटिसेबल अपराध होने की वजह से नोटिस देकर छोड़ दिया था।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपी ने 3 जनवरी को मोबाइल नंबर 7440506634 से छात्रा को कॉल किया। नाम बताते हुए इंटरव्यू के बारे में चर्चा की। फिर आरोपी बोला- मुझे प्यार चाहिए बस एक बार, बार-बार नहीं बोलूंगा। फिर वॉट्सएप पर मैसेज कर गंदी डिमांड रखी। आरोपी ने दो छात्राओं को भी यही मैसेज भेजा। छात्रा ने मैसेज डिलीट करने से पहले उसका स्क्रीनशॉट ले लिया था, जो क्राइम ब्रांच को उपलब्ध करवाया है। टीम में शामिल एसआई धर्मेंद्र शर्मा, हरेंद्र राजपूत और कीर्ति अजमेरिया ने मेटा कंपनी से मोबाइल नंबर की जानकारी निकलवाई। जो सिवनी निवासी संजीव कुमार के नाम पर जारी था। शिकायतकर्ता एमएससी की छात्रा है और रीवा की रहने वाली है। छात्रा ग्वालियर में रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्रा के पिता भी शासकीय सेवा से रिटायर्ड हैं।

### सिवनी का रहने वाला आरोपी

डीएसपी क्राइम नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि शिकायत मिलते ही मामले की जांच के लिए थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच को अमर सिंह सिकरवार को जिम्मेदारी दी। जांच की तो पता चला कि छात्राओं से अनैतिक मांग करने वाला आरोपी सिवनी का संजीव कुमार है। वर्तमान में भोपाल में पदस्थ था। टीम ने आरोपी की तलाश में दबिश दी और भोपाल से उसे दबोच लिया।

## खेतों में तेंदुआ दिखाई दिया, किसानों में दहशत फैली



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**उज्जैन।** जिले की मक्सी रोड स्थित गांव ताजपुर और तराना के जंगल के खेतों में इन दिनों एक खूंखार तेंदुए का आतंक देखने को मिल रहा है। यह तेंदुआ पिछले 5 दिनों से खुलेआम घूम रहा है,जिसका वीडियो बनाकर ग्रामीणों ने वन विभाग को भी भेजा है। ग्रामीणों में तेंदुए के खेतों में घूमने से दहशत व्याप्त हैं। मक्सी रोड के खेतो में तेंदुए का आंतक देखने को मिल रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों ने खेत पर काम करना बंद कर दिया है। शाम को 5 बजे के बाद ग्रामीण अपने बच्चों को घरों से बाहर भी नहीं निकाल रहे हैं और कई ग्रामीण हाथों में लाठियां और अन्य सुरक्षा के समान लेकर पहरेदारी कर रहे हैं। ताजपुर ग्राम पंचायत के सरपंच मांगीलाल मालवीय ने तेंदुए को पकड़ने एवं सुरक्षा के लिए उज्जैन वन विभाग को एक पत्र भी लिखा है। उज्जैन वन विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्र में तेंदुए को पकड़ने के लिए अलग-अलग स्थान पर पिंजरे लगाएंगा। ग्रामीणों ने रात में दो पहिया वाहन सवारों से इस क्षेत्र से नहीं निकलने की अपील की है और कहा है कि आवश्यक हो तो सुरक्षा के साथ ही आवागमन करे। सरपंच श्री मालवीय ने बताया कि तेंदुआ तीन से चार स्थानों पर अलग-अलग बार देखा गया है। जिसके ग्रामीणों ने वीडियो भी बनाए हैं जिसकी सूचना पुलिस और वन विभाग को दी गई है हालांकि अभी तक क्षेत्र में कोई जनहानि या नुकसान की खबर नहीं आई हैं।

# सोनकच्छ तहसीलदार डॉ. अंजली गुप्ता जिला मुख्यालय अटैच

## किसानों से बोला था- अंडे से निकले नहीं, मरने-मारने की बात कर रहे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**सोनकच्छ। देवास में सोनकच्छ तहसीलदार डॉ. अंजली गुप्ता को जिला मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आदेश पर कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने ये कार्रवाई की है। दरअसल, तहसीलदार डॉ. गुप्ता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें वे कहती दिख रही हैं- चूजे हैं, अंडे से निकले नहीं, बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं।**

मामला गुरुवार को कुमारिया राव गांव का है। इसका वीडियो सोमवार को सामने आया। गांव के किसान यहां बिजली टावर लगाने का विरोध कर रहे हैं। सोनकच्छ तहसीलदार डॉ. अंजली गुप्ता उनसे बात करने पहुंची थीं। इसी दौरान किसी ने कुछ कहा तो वे भड़क गईं। उन्होंने वीडियो बनाने वाले का मोबाइल भी छीनने की कोशिश की।

वीडियो में तहसीलदार डॉ. अंजली गुप्ता ये कहती सुनाई दे रही हैं- चूजे हैं, अंडे से निकले नहीं, बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं। मरने की, मारने की बात कर रहे हैं। कैसे बोल दिया कि इररिस्पॉन्सिबल हूं। मैं एमपीपीटीसीएल (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ) से हूं क्या.. मैं तहसीलदार हूं। किसका प्रोजेक्ट है, शासन का प्रोजेक्ट है। शासन व सरकार को किसने चुना है, आपने चुना है। मैंने नहीं चुना है।



**मुख्यमंत्री बोले- सुशासन हमारी सरकार का मूल मंत्र-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो को सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे संज्ञान में लिया। उन्होंने कहा, ह्यअधिकारी आम लोगों के साथ सभ्य और शालीन भाषा का इस्तेमाल करें। इस तरह की अभद्र भाषा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेरे निर्देश के बाद कलेक्टर द्वारा तहसीलदार को जिला मुख्यालय अटैच कर दिया गया है।ह्न मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुशासन हमारी सरकार का मूल मंत्र है।

### नायब तहसीलदार को सौंपा अतिरिक्त प्रभार

देवास कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने डॉ. अंजली गुप्ता को जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्टोरेट देवास में अटैच किया है। सोनकच्छ तहसीलदार का प्रभार नायब तहसीलदार टप्पा पिपलरवां लखनलाल सोनानीया को सौंपा गया है।

### बोलीं- अपशब्द कहने पर डांटा था

सोनकच्छ तहसीलदार ने कहा, गुरुवार को फिर किसानों ने काम रोक दिया। इसके बाद हम मौके पर पहुंचे। घर के बुजुर्गों के साथ चाय पीकर बातचीत हुई। उन्हें समझाया। इस बीच घर के बच्चों ने कुछ वाद-विवाद शुरू कर दिया। उन्होंने अपशब्द कहे, जिसके रिएक्शन में मैंने भी उनको डांट लगाई। बस इतनी सी बात है। उसके बाद पूरे मामले का निराकरण हो गया है। दो दिन बाद वे सभी आए थे और मुझे आवेदन दे गए थे कि हमें माफ कर दें।

# पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री की बुरहानपुर में कई संपत्तियां

## आरटीआई कार्यकर्ता की मांग- शत्रु संपत्ति का सीमांकन कर राजसात करना चाहिए

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने मंगलवार को जनसुनवाई में चौंकाने वाली शिकायत की। जिसे सुनकर अफसर खुद भी चौंक गए। दरअसल, आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. सूर्यकांत उर्फ डॉ. आनंद दीक्षित ने शिकायत की है कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री स्व. शरीफ उद्दीन पीरजादा की बुरहानपुर के ऐमागिर्द क्षेत्र में कई संपत्तियां हैं। उस शत्रु संपत्ति का सीमांकन कर राजसात किया जाना चाहिए।

उन्होंने शिकायत में कहा कि देश के बंटवारे के बाद देश छोड़कर शत्रु देश के साथ जाने वालों की संपत्ति के लिए शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 लाया गया था। देश के अन्य प्रदेशों के साथ ही मप्र में भी शत्रु संपत्तियां हैं और इसी कड़ी में बुरहानपुर में भी पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री स्व. शरीफ उद्दीन पीरजादा की बहुत सी संपत्तियां है जिन्हें आज तक राज सात नहीं किया गया है।



### बुरहानपुर में हुआ था जन्म, पाक सरकार में विदेश मंत्री बने

डॉ. दीक्षित कहा कि स्व. शरीफ उद्दीन पीरजादा का जन्म बुरहानपुर में 12 जून 1923 को पिता मीर नियाजी पीरजादा और माता फातिमा के घर हुआ था। जबकि मृत्यु 93 साल की उम्र में 2 जून 2017 को कराची पाकिस्तान में हुई थी। इसलिए संपत्तियों को चिह्नित कर उन्हें शत्रु संपत्ति मानकर राज सात किया जाना चाहिए।

### एडीएम बोले- शिकायत की जांच कराएंगे

इसे लेकर एडीएम वीरसिंह चौहान ने कहा आनंद दीक्षित नामक व्यक्ति ने एक शिकायत जनसुनवाई में की है। उसकी जांच कराएंगे। अगर शत्रु संपत्ति है तो उसकी जांच कराई जाएगी।

New Delhi

# थर-थर कांपेगा 200 किलोमीटर दूर बैठा दुश्मन, दुनिया ने माना भारत के पिनाका का लोहा, अब चीन पर नजर

**नई दिल्ली।** चीन के साथ लगी नियंत्रण रेखा (LAC) पर तैनात सेना को मजबूत करने के लिए भारत तेजी से कदम उठा रहा है। चीन के हर दुस्साहस का जवाब देने के लिए भारत अपनी मारक क्षमताओं को तेजी से विकसित कर रहा है। इसी क्रम में अब भारत अपने पिनाका रॉकेट लॉन्चर को मजबूत बनाने जा रहा है। इसके लिए 200 किलोमीटर की मारक क्षमता वाला खास रॉकेट तैयार किया जाएगा।

लंबी दूरी के रॉकेट बनाने के साथ भारत की नजर अपने पड़ोसी दुश्मन चीन और पाकिस्तान पर है। दरअसल ये दोनों देश मिलकर लंबी दूरी के मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम बना रहे हैं। इन्हें चीन और पाकिस्तान द्वारा



संयुक्त रूप से बनाया जा रहा है। अब भारत इसी का मुकाबला करने के लिए तेजी से रॉकेट बनाने की ओर कदम उठा रहा है।

लंबी दूरी के ये रॉकेट रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। इनको बनाने में प्राइवेट कंपनियां भी शामिल हो सकती हैं। एक बार पूरी तरह से तैयार हो जाने के बाद इन रॉकेट को भारत के स्वदेशी रॉकेट लॉन्चर पिनाका पर तैनात किया जाएगा। यह रॉकेट 200 किमी से अधिक की दूरी पर मौजूद लक्ष्य को भेदने की क्षमता रखेगा। भारत में ही बने पिनाक हथियार सिस्टम का नाम भगवान शिव के धनुष के नाम पर रखा गया है और इसे भी डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया है।

दो दक्षिण अमेरिकी देशों ने पिनाका मल्टी-बैरल

Uttarpradesh

## दो दिन पहले जीते जी अपना श्राद्ध करने वाले शख्स की मौत, 700 लोगों को खिलाया था तेरहवीं का भोज



**एटा, (एजेंसी)** यूपी के एटा में दो दिन पहले जीते जी अपना क्रिया-कर्म कर देने वाले हाकिम सिंह का देहांत हो गया है। 55 साल के इस शख्स ने दो दिन पहले ही गांव में भव्य तरीके से आयोजन कर 700 लोगों को अपनी तेरहवीं का भोज कराया था। जिंदा रहते अपने पिंडदान और तेरहवीं भोज के पीछे उनका कहना था कि उनकी अपनी कोई संतान नहीं है। परिवार में जो लोग हैं उन पर उन्हें भरोसा नहीं है। शक है कि उनके मरने के बाद परिवार के लोग उनकी तेरहवीं करेंगे भी या नहीं इसलिए उन्होंने खुद जीते-जी ये काम कर दिया। तेरहवीं भोज देने के दो दिन बाद ही हाकिम सिंह की मौत से हर कोई हैरान है।

बताया जा रहा है कि रात को वह ठीक-ठाक सोए थे लेकिन सुबह देर तक नहीं उठे तो लोगों को शक हुआ। हाकिम सिंह एटा के सकीट क्षेत्र के मोहल्ला मुंशी नगर के रहने वाले थे। उनके पिता का नाम बांके लाल था। हाकिम ब्लॉक के पास बनी दुकानों में रहते थे। बुधवार की सुबह रोज की तरह लोग अलाव जलाकर हाथ सेंक रहे थे। तभी किसी का ध्यान हाकिम सिंह की ओर गया। रोज की तरह उन्हें जागा हुआ नहीं पाकर लोगों को आशंका हुई तो उन्होंने उनकी चारपाई के पास जाकर देखा। हाकिम सिंह मृत पड़े थे। उनकी मौत की जानकारी मोहल्ले में फैली तो काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। सूचना मिलने पर उनके भाई-भतीजे भी पहुंचे। वे शव को अपने घर पर ले गए हैं।

Maharashtra

## महाराष्ट्र में यात्रियों से भरा ऑटोरिक्शा नाले में गिरा, 6 लोगों की मौत

**यवतमाल, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक ऑटोरिक्शा के नाले में गिर जाने से छह लोगों की मौत हो गई. घटना पुसाद थाना क्षेत्र की है. थाना निरीक्षक राजेश राठौड़ ने बताया कि नागपुर से 260 किलोमीटर दूर पुसाद के जवाहर नगर निवासी गणेश राठौड़ के परिवार के लगभग 15 लोग वाहन में सवार होकर उमरी पोहरा देवी जा रहे थे. बेलगाव्हां पुल के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और ऑटोरिक्शा नीचे नाले में गिर गया. इससे ऑटोरिक्शा में सवार 6 लोगों की मौत हो गई. घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. साथ ही ऑटोरिक्शा को भी नाले से निकाला. फिलहाल इस मामले की जांच की जा रही है. हाल ही में पुणे में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई थी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना पुणे शहर से करीब 150 किलोमीटर दूर कल्याण-अहमदनगर रोड पर ओटूर पुलिस थाना क्षेत्र में हुई. पिकअप वाहन, जो अहमदनगर से कल्याण (ठाणे जिले में) की ओर जा रहा था, पिंपलगांव जोगा में एक पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो-रिक्शा से टकरा गया.

New Delhi

## लूटपाट करने के लिए बुजुर्ग महिला की गला दबाकर हत्या, रोडरेज में डॉक्टर पर हमला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण-पूर्वी जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र में 80 वर्षीय वृद्धा की लूटपाट के लिए हत्या कर दी गई। गला दबाकर हत्या करने के बाद आरोपी जूलरी व कैश लेकर फरार हो गए। जैतपुर पुलिस ने वारदात को कुछ ही घंटों में सुलझाने का दावा करते हुए एक नाबालिग समेत दो को पकड़ लिया। बालिग आरोपी की पहचान मयंक के रूप में हुई। आरोपियों ने लूटपाट के लिए वृद्धा की हत्या की बात स्वीकार की है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई जूलरी बरामद कर ली है।

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जैतपुर के सौरव विहार की गली नं. 9 के ओ-333 में एक महिला की हत्या के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। सूचना मिलने के बाद एसआई पारस पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अपराध टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए।

शिकायतकर्ता सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि उनकी मां शकुंतला मकान में अकेली रहती थीं। वह अपने परिवार के साथ सौरभ विहार के एन ब्लॉक में अलग रहते हैं। वह रोज मां से मिलने, उन्हें खाना और चाय देने आते थे। मंगलवार सुबह भी प्रातः लगभग 8.30 बजे मां से मिलने गया। जब मां ने उसके बार-बार बुलाने पर कोई जवाब नहीं दिया, तो उसने खिड़की से देखा कि मां अपने बिस्तर पर बेहोश पड़ी थी और पीछे की खिड़की की कुंडी खुली हुई थी। वह खिड़की से घर में घुसा तो देखा कि मुंह से खून निकल रहा था। मां की सोने की अंगूठी, सोने की चूड़ियां व अन्य सामान गायब है। मामला दर्जकर इंस्पेक्टर संजीव मिश्रा के नेतृत्व में एसआई पारस, एसआई विजय व एसआई संजीव ने जांच शुरू की।

खेल

# एक पारी में 16 छक्के, फिन एलेन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को धोया, की विश्व रिकॉर्ड की बराबरी

**डुनेडिन, (एजेंसी)** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की है और विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलेन ने बुधवार को डुनेडिन में पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सिर्फ 62 गेंदों में 137 रन बनाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। एलन अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ने इस पारी के दम पर टी20 में किसी भी कीवी खिलाड़ी के पिछले उच्चतम स्कोर ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलन भी उनकी बराबरी पर





पहुंच गए हैं। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 16 छक्के लगाए थे। अब फिन एलन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने पांच चौके और 16 छक्के लगाए। हालांकि, आयरलैंड और पाकिस्तान की गेंदबाजी में जमीन-आसमान का अंतर है। ऐसे में एलन की पारी बेहद खास मानी जा रही है।

इस पारी के दौरान एलेन ने हारिस रऊफ को जमकर धोया। इस बल्लेबाज ने तीन छक्कों, दो चौकों की मदद से रऊफ के एक ओवर में 27 रन बटोर लिए। उनकी इस पारी के चलते न्यूजीलैंड की टीम पाकिस्तान के सामने 225 रन का विशाल लक्ष्य रखने में सफल रही। यह मैच 45 रन से जीतकर न्यूजीलैंड ने सीरीज अपने नाम कर ली। पांच मैच की टी20 सीरीज में कीवी टीम ने 3-0 की अजेय बढ़त ले ली है।

डेवोन कॉन्वे के सात रन पर जल्दी आउट होने के बाद एलन ने टिम सीफर्ट के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 125 रन की जबरदस्त साझेदारी की। आक्रामक एलन को स्ट्राइक पर बनाए रखने के लिए सेफर्ट सिर्फ स्ट्राइक रोटेट करते रहे। उन्होंने एक रन लेने पर ध्यान केंद्रित करते हुए अच्छे तरीके से सहायक की अहम भूमिका निभाई। एलन की पारी के दौरान अंपायरों ने तीन बार गेंद बदली, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का सबूत था। इससे समझा जा सकता है कि वह गेंद पर कितने जबरदस्त प्रहार कर रहे थे।

एलन की शानदार पारी 18वें ओवर में समाप्त हो गई। जमान खान की एक ऑफ-कटर गेंद पर वह बोल्ड हो गए, जिन्होंने खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए मैदान से बाहर जाते समय न्यूजीलैंड के बल्लेबाज की सराहना की।

सिनेमा

## रणबीर की 'रामायण' में शूर्पणखा बनेंगी सेक्रेड गेम्स की कुकू? दिया है ऑडिशन



डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' लगातार चर्चा में बनी हुई है. इस फिल्म की कास्टिंग को लेकर एक के बाद एक अपडेट्स आ रही हैं. बॉबी देओल, सनी देओल और लारा दत्ता के बाद अब एक्ट्रेस कुब्रा सैत का नाम इस प्रोजेक्ट से जुड़ गया है. अगर सूत्रों की मानें, तो 'सेक्रेड गेम्स' में कुकू का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस कुब्रा सैत ने अहम रोल के लिए ऑडिशन दिया है. सूत्रों के मुताबिक, कुब्रा सैत ने 'रामायण' में रावण की बहन शूर्पणखा के रोल के लिए ऑडिशन दिया है. बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस इस रोल को पाने की उम्मीद कर रही हैं. फिल्म में उनके भाई रावण के रोल में 'केजीएफ' स्टार यश होंगे. कुब्रा को उम्मीद है कि इस बड़ी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बन जाएं. कुब्रा सैत बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म की जानी एक्ट्रेस हैं. पिछले कई दशकों में उन्होंने 'सेक्रेड गेम्स' के अलावा फिल्म 'जवानी जानेमन' संग अन्य प्रोजेक्ट्स में काम किया है. काजोल की सीरीज 'ट्रायल' और शाहिद कपूर की सीरीज 'फर्जी' में भी उन्हें बढ़िया काम करते देखा गया था. इसके अलावा वो एपल टीवी के शो 'फाउंडेशन' में भी अलग अवतार में नजर आ चुकी हैं. हाल ही में खबर आई थी कि बॉबी देओल को नितेश तिवारी की 'रामायण' में कुंभकर्ण का रोल ऑफर हुआ है. हालांकि एक्टर की टीम ने आजतक से बातचीत में इस खबर को सिरे से खारिज कर दिया.

## संपादकीय

# बढ़ेंगी मुइज्जू की मुश्किलें

भारत से टकराव मोल लेकर होने वाले नुकसान की भरपाई मालदीव कैसे कर पाएगा, कहना मुश्किल है। मालदीव में अब भी बहुत सारे लोग राष्ट्रपति मुइज्जू की भारत-विरोधी नीति के खिलाफ हैं। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि राष्ट्रपति बनने से पहले वे जिस माले के मेयर थे, उस सीट पर हुए चुनाव में लोगों ने उनकी पार्टी के प्रत्याशी को हरा दिया और भारत समर्थक मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार को मेयर चुना है। आखिरकार मालदीव सरकार ने भारतीय सैनिकों की वापसी का दिन तय कर दिया है। हालांकि नवंबर में पदभार संभालने के साथ ही राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैनिकों को वापस बुलाने की अपील की थी। इस संबंध में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच मंथन चल रहा था। मगर चीन यात्रा से वापस लौटते ही मुइज्जू ने बड़े तीखे अंदाज में कह दिया कि भारत अगले दो महीनों के भीतर अपने सैनिक वापस बुला ले। इसे लेकर दोनों देशों की उच्च स्तरीय समिति की बैठक हुई और आम सहमति भी बन गई बताया जा रहा है। मगर अभी यह तय नहीं हो सका है कि जिस काम के लिए भारतीय सैनिक वहां तैनात किए गए थे, वह काम कैसे संचालित होगा। गौरतलब है कि फिलहाल वहां अ_ासी भारतीय सैनिक तैनात हैं, जो भारत द्वारा मालदीव को उपहार में दिए समुद्री गश्ती विमानों और दो हेलीकाप्टरों का संचालन करते हैं। इसके अलावा चिकित्सा सेवाएं और मालदीव के सैनिकों को युद्धक विमान आदि उड़ाने का प्रशिक्षण देते हैं। इस फैसले से भारत को कम, मालदीव को अधिक नुकसान होने वाला है। मगर वर्तमान राष्ट्रपति मुइज्जू का झुकाव चीन की तरफ है और उन्हें भरोसा है कि उनकी आर्थिक जरूरतें चीन से पूरी हो जाएंगी। चीन दौरे के वक्त उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण समझौते भी किए हैं। मालदीव से भारत का बहुत पुराना संबंध है। हर मुश्किल के वक्त भारत ने उसका साथ दिया है। इसलिए मुइज्जू से पहले वहां के सभी शासक भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखते रहे हैं। मगर मुइज्जू की पार्टी पिछले चुनाव में भारत को मालदीव से बाहर निकालने के नारे के साथ मैदान में उतरी थी। उसे कामयाबी मिली और मुइज्जू राष्ट्रपति बने तो उन्होंने दावा किया कि उनके भारत को बाहर निकालने के वादे को जनमत ने स्वीकार किया है, इसलिए उससे मुक्ति पाना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले दिनों जब मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री की लक्षद्वीप यात्रा के समय अपमानजनक टिप्पणियां कीं, तब दोनों देशों के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ गई। हालांकि मालदीव सरकार ने उन मंत्रियों को बर्खास्त कर दिया, पर वह खलिश शायद बनी हुई थी। भारतीय सैनिकों के वहां से वापस लौटने के बाद भारत को सामरिक सुरक्षा के मामले में कुछ चुनौतियां जरूर पेश आ सकती हैं। मालदीव चूंकि भौगोलिक रूप से भारत के बहुत नजदीक है और वहां भारत का रडार होने से उस क्षेत्र में निगरानी रखना आसान था।

**अर्ज़ किया है..!**

*खुदा की इतनी बड़ी*
*कायनात में मैंने*
*बस एक शख़्स को माँगा*
*मुझे वही न मिला*

*-बशीर बद्र*



MORARI BAPU

**संगठनशीलता की आपूर्ति व्यक्ति के ऊपर ईश्वर के प्रतिष्ठित पद का आधार है... प्रार्थना कुछ करने का आश्चयतम उपाय है...**


सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# चांद पर नहीं जा सकेगा अमेरिका का लैंडर

## धरती की ओर कर रहा वापसी, आसमान में बन जाएगा आग का गोला




अमेरिका के प्राइवेट चंद्रमा लैंडर पेरेग्रीन को 8 जनवरी को बड़ी उम्मीदों के साथ लॉन्च किया गया था। माना जा रहा था कि यह 50 वर्षों में अमेरिका की ओर से चांद पर पहला लैंडर होगा। लेकिन लॉन्चिंग के कुछ देर बाद ही इसे ईंधन रिसाव का सामना करना पड़ा था। अब इस लैंडर के लिए एक और बुरी खबर है। उम्मीद है कि लैंडर वापस पृथ्वी की कक्षा में आकर जमीन से टकरा जाएगा। इस अंतरिक्ष यान को एस्ट्रोबोटिक की ओर से बनाया गया था और यूनाइटेड लॉन्च एलायंस वल्कन सेंटौर रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया।

अंतरिक्ष यान ने अपने बूस्टर चरण से अलग होने के बाद ईंधन रिसाव का सामना किया। इस खराबी ने पूरे मिशन को बदल कर रख दिया था। वैज्ञानिकों को शुरुआत में ही पता चल गया था कि अब यह अंतरिक्ष यान कभी भी चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग नहीं कर सकेगा। एस्ट्रोबोटिक अगर इस मिशन में सफल होता तो प्राइवेट सेक्टर के लिए चंद्रमा पर जाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हो सकता था। हालांकि ईंधन के रिसाव ने इन उम्मीदों को तोड़ दिया साथ ही अब पेरेग्रीन पृथ्वी के साथ टकराने की राह पर है।

**पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आएगा यान-** एस्ट्रोबोटिक के इंजीनियर इस स्थिति से निपटने की कोशिश में लगे हैं। लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। कंपनी की नवीनतम ट्रैजेक्टरी से संकेत मिलता है कि पेरेग्रीन संभवतः पृथ्वी के वायुमंडल में वापस आ जाएगा। इस कारण वह हवा में ही जल जाएगा। एस्ट्रोबोटिक ने एक नए अपडेट में कहा, 'ईंधन रिसाव के कारण हमारे विश्लेषण को चुनौती मिल रही है। इस कारण स्पेसक्राफ्ट की ट्रैजेक्टरी में भी अनिश्चितता है।' पिट्सबर्ग में मौजूद टीम जितना संभव हो सके लैंडर के जीवन को बढ़ाने में लगी है। हालांकि इन प्रयासों के बावजूद भी अब पेरेग्रीन के पास गिने चुने दिन बचे हैं।

### कब पृथ्वी पर आएगा स्पेसक्राफ्ट

स्पेसक्राफ्ट कब और कहां पृथ्वी की कक्षा में प्रवेश करेगा, इसकी तारीखों का विवरण अभी सामने नहीं आया है। हालांकि कंपनी ने मान लिया है कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वायुमंडल में ही खत्म होगा। पेरेग्रीन का फेल होना उन प्राइवेट प्लेयर्स के लिए एक झटका है, जिन्हें नासा अपने चंद्र अन्वेषण मिशन में शामिल कर सकता था। लैंडर में अन्य पेलोड के अलावा पांच वैज्ञानिक उपकरण भी थे, जो नष्ट हो जाएंगे। कंपनी ने कहा है कि वह नासा के साथ मिलकर काम कर रही है।

## Highlights

1. **Laddu weighing 1265 Kg to be offered at Ayodhya Ram Temple**
2. **Beautiful soul lives forever: Tharoor on wife Sunanda's death anniversary**
3. **170 flights affected, 20 trains delayed due to Delhi fog**
4. **Hit-and-run victim run over by hundreds of cars amid dense fog on highway near Ghaziabad**
5. **Sorry state of affairs: Tharoor to Centre on flight disruptions**
6. **Now bullets will not be fired on the streets of Ayodhya: UP CM**

# Smartphone makers are wasting no time in the race for innovation and loyalty

**NEW DEIHI, (Agency).** It didn't take long for the sequence of events to unfold. In fact, wheels were in motion even as the previous year drew to a close, with smartphone brands attempting to draw an advantage from smart timing. Nevertheless, the pace of developments has been rapid. A paradox that usually takes a quarter to be able to successfully illustrate unfolding dynamics of the marketplace with numbers has been compressed in a couple of weeks. That's where we are with smartphones in India in 2024.

New launches, renewed competition across price points, powerful chips with an evolving artificial intelligence (AI) layer as well as business appointments ahead of a crucial year, a collective and relentless theme. There hasn't been any lull before an inevitable storm. We can only wait for the passage of time before the quarterly numbers come






through, but phone makers aren't taking any time to get up to speed.

Barely a few days in this year, Vivo launched its flagship phone, the Vivo X100 Pro, which has set new goalposts for camera performance. Upcoming flagship phones will have a tough time matching, and bettering, the X100 Pro's camera and AI image processing performance. The smartphone maker has drawn maximum advantage from its partnership with photography giants Zeiss, for optimising colours, image processing specific photo modes. That'll be a continuous theme through the year, as OnePlus with Hasselblad and Xiaomi with Leica, will improve computational photography.

Xiaomi's pursuit for premium phones is writing another chapter, with the Redmi Note 13 series that too went on sale this month, with prices bookended between ₹16,999 and ₹33,999. The phones last year were more expensive than the generation that went before, and the trajectory continues this year – success with sales despite that upward movement on the price tag, reason for confidence. Between In H1 2023, 1 million Redmi Note 12 phones were shipped globally.

# HDFC Bank shares fall 7% day after Q3 results; steep decline in stock market

**NEW DEIHI, (Agency).** Just a day after its quarterly results were posted, the shares of HDFC Bank fell over 7 percent as the markets opened on Wednesday. The top private lender reported stagnant margins for a second consecutive quarter in October-December.

At 9:15 am on January 17, HDFC Bank share prices




were recorded at ₹1583.85 apiece, falling seven percent from its previous closing rate. On Tuesday, HDFC shared had closed at ₹1,678.95.

Not only on the Indian stock market, but the US-listed shares of HDFC Bank fell 6.71 per cent on the New York Stock Exchange (NYSE) after the Q3 results, caused by muted margins in the Q3 earnings report.

HDFC Bank reported a standalone net profit of 163.73 billion rupees ($1.97 billion) for the quarter ended December, beating analysts' expectations of 156.51 billion rupees, per LSEG data. However, NIM remained stagnant at 3.4%, compared with the previous quarter.

# सॉफ्टवेयर कंपनियों में तेंदुए की दहशत

## टीसीएस और इंफोसिस ने कर्मचारियों के लिए जारी की एडवाइजरी, कैंपस में घूमने पर रोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सुपर कॉरिडोर पर तेंदुए के मूवमेंट से सॉफ्टवेयर कंपनियों में दहशत का माहौल बन गया है। मामले में दो इंटरनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनियों ने कर्मचारियों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए कर्मचारियों के समय में बदलाव किया है। मंगलवार को जानकारी के बाद फॉरेस्ट की टीम और अफसर भी मौके पर पहुंचे। तेंदुए के पग मार्क भी मिले हैं। दोनों कंपनियों ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।**

सुपर कॉरिडोर इलाके में स्थित टीसीएस और इंफोसिस कंपनी ने मंगलवार को सभी कर्मचारियों को एक एडवाइजरी नोट मेल किया है। इसमें टू-व्हीलर वाहनों से आने वालों को अलर्ट रहने की बात कही गई है।

उन्हें शाम को ऑफिस से समय से पहले निकलने और नाइट शिफ्ट में आने वालों को तय समय से थोड़ा जल्दी आने के लिए कहा गया है। कर्मचारियों से अंधेरा होने पर सुनसान इलाके में पडऩे वाले सर्विस लेन का उपयोग नहीं करने और कैंपस के बाहर घूमने से मना किया गया है। दोनों ही कंपनियों ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की जानकारी भी दी है।



### कैंपस के अंदर भी की चैकिंग

फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की टीम मंगलवार को डीएफओ महेंद्र सिंह सोलंकी के आदेश पर सुपर कॉरिडोर इलाके में चैकिंग करने पहुंची। उन्हें यहां तेंदुए के पग मार्क दिखे। टीम ने फोटो लेने के बाद अफसरों को जानकारी दी। इसके बाद वह कंपनी के कैंपस में पहुंचे और यहां भी चैकिंग की। हालांकि तेंदुए के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है।

### सबसे पहले गार्ड को दिखा था

टीसीएस कंपनी के कर्मचारियों से मिली जानकारी में पता चला कि सबसे पहले तेंदुए को इंफोसिस के गार्ड ने कंपनी के कैंपस में देखा था। इसके बाद वह टीएससीएस कैंपस में आया। टीसीएस कैंपस के बाद वह कहां गया इसकी जानकारी नहीं मिली। गार्ड ने कंपनी के बड़े अधिकारियों को जानकारी दी। दोनों कंपनियों ने कर्मचारियों को बाहर निकलने और कैंपस में घूमने से रोक दिया है।

**12 हजार के लगभग कर्मचारी-** देश की दो सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में शामिल टीसीएस और इंफोसिस इंटरनेशल लेवल पर काम करती हैं। दोनों ही कंपनियों के देशभर में कई जगह ऑफिस हैं, जहां लाखों लोग काम करते हैं। इंदौर में ही दोनों कंपनियों में करीब 12 हजार से अधिक कर्मचारी हैं। टीसीएस में अधिकतर कर्मचारी वर्क फार्म होम पर काम कर रहे हैं। लेकिन अटेंडेंस मार्क करने उन्हें कंपनी जाना पड़ता है। ऐसे में कंपनी के कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

# छात्र से मोबाइल लूट का प्रयास

## सफल नहीं हुआ तो कर दिया घायल

### बाइक सवार को भी लूट की नीयत से मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमआईजी में खाना खाने निकले दो स्टूडेंट के साथ आधा दर्जन बदमाशों ने मारपीट कर मोबाइल लूटने की कोशिश की। स्टूडेंट के शोर मचाने पर भीड़ इक_ा होते देख आरोपी मौके से भाग गए। दोनो स्टूडेंट को उपचार के लिये एमवाय भेजा गया। पुलिस हुलिये ओर आसपास के फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।**

पुलिस के मुबाबिक घटना एलआईजी गुरूद्वारे के पास की है। देवनगर में रहने वाले मनीष पुत्र रतिराम ओर उसके साथी दीपक पुत्र काशीराम पैदल रेस्टोरेंट पर खाना खाने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में उनहें छह बदमाशों ने रोका ओर मोबाइल मांगा। स्टूडेंट ने इंकार किया तो आरोपियों ने ब्लेड से हमला कर दिया ओर फरार हो गए।

उधर, कनाडिया इलाके में भी बायपास पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक अन्य बाइक सवार को चाकू मारकर लूटने की कोशिश की। मामले में पुलिस ने बाइक सवारों को हिरासत में लिया है। कनाडिय़ा पुलिस के मुताबिक गोविंद डावर निवासी ग्राम झालरिया की शिकायत अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गोविंद ने बताया कि वह अपने गांव पोटली पिपरी से सुबह 5 बजे के लगभग सर्विस सेंटर बायपास पर पहुंचा। इस दौरान सडक़ पर खड़े तीन लोगो ने उन्हें रोका ओर इस दौरान बाइक धीरे करने पर एक आरोपी ने मुंह पर घूंसा मारा। वही दूसरे ने चाकू से पीठ पर वार किया। गोविंद वहां से बाइक लेकर आगे चले गया। बाद में उसने पुलिस को सूचना दी।

# पति की मौत में पत्नी सहित 7 पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जूनी इंदौर पुलिस ने एक व्यक्ति के आत्मदाह के मामले में उसकी पत्नी सहित सात के खिलाफ केस दर्ज किया है। पति ने आत्मदाह से पहले पति ने सुसाइड नोट लिखा था। अपना वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया था जिसमें उसने पत्नी और उसके परिवार वाले सहित पत्नी के प्रेमी को मौत का जिम्मेदार बताया था।

पुलिस ने बताया कि 4 जनवरी की रात सुनील लोहानी (35) निवासी द्वारकापुरी ने काटजू कॉलोनी स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम के पास वाली गली में ससुराल के बाहर सडक़ पर पेट्रोल डाल खुद को आग लगा ली थी। घटना में सुनील बुरी तरह से झुलस गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। तब घटना का वीडियो सामने आया था। जिसमें सुनील ससुराल के बाहर सडक़ पर खुद के ऊपर पेट्रोल डाल आत्मदाह करते हुए नजर आया। लोगों ने टाट से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वो 80 पर्सेंट जल चुका था। उसे इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुनील की मौत के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया था।

घटना के बाद सुनील का सुसाइड नोट भी सामने आया जिसमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी, ससुराल पक्ष और पत्नी के प्रेमी अशोक सचदेव को जिम्मेदार बताया। सुनील एक वीडियो बाइट भी छोड़ कर गया था, जिसे उसने सोशल मीडिया पर डाला था। वीडियो में सुनील ने आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। पत्नी की प्रताडऩा का जिक्र भी उसने किया था। ससुराल वालों पर भी आरोप लगाए थे। पत्नी के प्रेमी अशोक का भी जिक्र किया था। सुनील का कहना था कि मेरी मौत के बात इन्हें मत छोडऩा। मामले में जूनी इंदौर थाना पुलिस ने रविवार रात धारा 306 के तहत पत्नी रीना लोहानी सहित शंकर कामरा, सीनेश, नन्ने, बाजी, सोनम कामरा, अशोक सचदेव के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

# जन्मदिन की पार्टी में झगड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर क्षेत्र में घर पर चल रही जन्मदिन की पार्टी में गाना तेज बजाने और नाचने की बात को लेकर हुए विवाद में जमकर लात घूसें चल गए। थाना विजयनगर पुलिस के मुताबिक विवाद प्रकाशचंद्र सेठी नगर में हुआ। पुलिस ने फरियादी सानुल चौहान की रिपोर्ट पर आरोपी अर्जुन पिता अशोक वर्मा, भारत पिता सतीश वर्मा निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर अरौ जिनेंद्र पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर पर था और परिवार सहित मेरी भतीजी माहिरा का जन्मदिन मनाया जा रहा था। तभी आरोपी शराब के नशे में आए और बोलने लगे कि गाना तेज बजाओ हम तो नांचेगे। इस पर मैंने बोला कि भैया हमारे घर का कार्यक्रम है। आप लोग यहां से जाओ,हमारे प्रोग्राम खराब मत करो। इस पर आरोपियों ने गालियां दीष जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने लात मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। मुझे पसली में चोट आई है।




# ढाबे पर उत्पात, कारों के कांच फोड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक ढाबे में सोमवार रात विवाद हो गया। युवक बर्थडे पार्टी मनाने पहुंचे थे, लेकिन यहां खाना नहीं मिला तो उन्होंने उत्पात मचाते हुए वहां खड़ी कारों के कांच फोड़ दिए। बाइक और कार से आए युवकों ने होटल संचालक से विवाद किया। गाडिय़ों पर पथराव किया और होटल मालिक व कर्मचारी से मारपीट कर भाग निकले। ढाबा मालिक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष ने भी कार पर पथराव करने को लेकर केस दर्ज कराया है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक सिद्धार्थ अस्पताल के पास अनिल चौधरी का ढाबा है। यहां पर धर्मेन्द्र और मुकेश रात में अपने साथियों के साथ पहुंचे। दोनों ने ढाबा मालिक अनिल से बात की और कहा कि उनका बर्थडे है वह खाना खाएंगे। अनिल ने कहा कि ढाबा बंद हो गया है। इस पर धर्मेंद्र-मुकेश ने कहा कि पार्सल ही कर दो। पर अनिल ने इससे भी मना कर दिया। इस पर दोनों ने अनिल को अपशब्द कहे और विवाद करते हुए बाहर खड़ी गाडिय़ों को गिराना शुरू कर दिया। और पथराव करने लगे।

इससे होटल का बोर्ड क्षतिग्रस्त हो गया और बाहर खड़ी रिटायर्ड आर्मी अफसर की गाड़ी को भी नुकसान हुआ। इसके बाद धर्मेंद्र-मुकेश कार और बाइक से वहां से भागने लगे। अनिल ने मामले में डायल 100 को सूचना दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मामले में मुकेश कुशवाह निवासी छोटा बांगड़दा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि होटल के बाहर कुछ लोगों का विवाद चल रहा था। वह ऑर्डर कैंसल कर अपनी कार से बाहर निकलकर जाने लगे। इस दौरान किसी ने कार के पीछे से पत्थर फेंका। जिसमें कार का कांच फूट गया। इस दौरान कार का बैलेंस बिगड़ा और कार पोल से जा टकराई। इस दौरान कुछ लोगों ने हमारे साथ जबरन मारपीट की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक